तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

यातायात व्यवस्था सुधार कर ब्लैक स्पॉट करें दुरुस्त
2




## खबर संक्षेप

### जिलास्तरीय समन्वय समिति का गठन

**कोरबा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र के परिपालन में नीट एग्जाम 2026 के सफलतापूर्वक संचालन हेतु कोरबा जिले में जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर, जिला कोरबा होंगे। पुलिस अधीक्षक, जिला कोरबा तथा जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कोरबा समिति के सदस्य रहेंगे। जिला नोडल अधिकारी (एनटीए) एवं प्राचार्य पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय को जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला कोरबा को भी समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह समिति नीट परीक्षा 2026 के सुचारू, सुरक्षित और पारदर्शी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों, व्यवस्थाओं और समन्वय को सुनिश्चित करेगी।

### सूत सारथी समाज की बैठक 11 को

**कोरबा।** सूत सारथी समाज वनांचल क्षेत्र महा सम्मेलन एवं महर्षि सूत महाराज जयंती ग्राम बेहरचुवा में 11 जनवरी को महर्षि सूत जी महाराज जयंती एवं एक दिवसीय वनांचल क्षेत्र कोरबा ब्लॉक एवं करतला ब्लॉक का सम्मेलन आयोजन किया गया है, जिसमें समाज के लोगों को उपस्थित होने आग्रह किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता एवं संगठन को मजबूत बनाना, शिक्षा एवं रोजगार संबंधित विषयों पर चर्चा, सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा, महिला संगठन एवं महिला ब्लॉक कमेटी बनाने पर चर्चा आदि शामिल है। मुख्य अतिथि के रूप में समाज के गणमान्य जन एवं वरिष्ठ गण दाऊ राम सारथी, डी लाल शामिल होंगे।

### पाइप लीकेज की मरम्मत के कारण पानी था मटमैला

**कोरबा।** नगर निगम के वार्ड क्र. 10 भिलाईखुर्द के अंतर्गत आने वाली हाउसिंग बोर्ड कालोनी में आपूर्ति किए गए पानी के मटमैला होने के कारण क्षतिग्रस्त हुई उक्त पाईप लाईन की मरम्मत का कार्य करना था, पाईप लाईन की मरम्मत के पश्चात अब हाउसिंग बोर्ड कालोनी में शुद्ध व साफ जल की आपूर्ति की जा रही है। निगम के कार्यपालन अभियंता जलप्रदाय राकेश मसीह ने बताया कि वार्ड क्र. 10 भिलाईखुर्द अंतर्गत बरबसपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जलापूर्ति की जाने वाली पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण एक दिन के लिए आकस्मिक रूप से जलापूर्ति बाधित भी हुई। निगम द्वारा उक्त क्षतिग्रस्त पाईप लाईन की मरम्मत करा दी गई है तथा पाईप लाईन के मरम्मत के कारण स्वभाविक रूप से पानी में मिट्टी धुली, जिसके परिणाम स्वरूप उस दिन नलों से मटमैला पानी निकला।

### डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन को बढ़ाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका कटघोरा, दीपका, बाँकी मोंगरा, नगर पंचायत पाली और छुरी में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी निकायों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में मॉर्निंग विजिट बढ़ाते हुए सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखें। महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों में कचरे का ढेर न लगे और निकाय की टीम नियमित सफाई सुनिश्चित करे। उन्होंने घरों की संख्या के आधार पर घर-घर कचरा कलेक्शन बढ़ाने तथा नगर पालिक निगम और अन्य नगरीय निकायों को स्वच्छता सर्वेक्षण का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत कार्यों और प्रगति की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# कन्वेंशनल सेंटर नहीं दिया जाएगा किराए पर, बनेगा साइंस सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी की 24वीं साधारण सभा की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कई प्रशासनिक एवं नीतिगत निर्णय लिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्वामी विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन परिसर को सीबीएसई मान्यता संबंधी आवश्यकताओं एवं शासन की गाइडलाइन के अनुसार किराए पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही रजगामार रोड, जिला जेल के सामने स्थित कन्वेंशनल सेंटर को किराए पर न देकर उसे साइंस सेंटर के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया।

## सीटी बसों से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक कई अहम प्रस्तावों की मंजूरी

**खास बातें**

- अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी की 24वीं साधारण सभा में लिए गए महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय



सोसायटी के वित्तीय वर्ष 2024-25 के ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन भी बैठक में किया गया। राज्य शहरी विकास अभिकरण, रायपुर के निर्देशानुसार जिले की सभी 48 सिटी बसों का मेकैनिकल परीक्षण एवं वैल्युएशन करने हेतु जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (ई एंड एम) तथा कार्यपालन अभियंता नपा-नि कोरबा की संयुक्त समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर बसों के परिचालन अथवा राइट ऑफ संबंधी आगामी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत प्रथम चरण की मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए नई निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने तक राज्य शहरी विकास अभिकरण, नवा रायपुर द्वारा प्रदत्त समय-वृद्धि का अनुमोदन भी सभा में किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत प्रस्तावित 40 ई-बसों के रूट निर्धारण हेतु गठित समिति एवं रूट चार्ट को भी स्वीकृति ⏭ शेष पेज 3 पर

## मंगलवार की सुबह व्यवस्था को किया गया दुरुस्त

# कनकी फीडर में आई थी तकनीकी खराबी एक दर्जन गांवों में पूरी रात बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। कनकी फीडर में तकनीकी खामी आने की वजह से पूरी रात एक दर्जनों में अंधेरा छाया रहा और सुबह हुई तब जाकर विद्युत व्यवस्था को किसी तरह बहाल किया जा सका इसके बाद भी व्यवस्था सही नहीं हो पाई थी और अगले दिन फिर से कई बार बिजली की आंख मिचौली बदस्तूर जारी रही। जिससे क्षेत्र के स्थानीय लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि


फाइल फोटो

कनकी फीडर को पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा से विद्युत आपूर्ति की जाती है बताया जाता है कि सोमवार की रात कनकी फीडर में अचानक तकनीकी खामियां जाने की वजह से कनकी फीडर के अंतर्गत आने वाले लगभग एक दर्जन गांव कनकी, खैरभवना, तरदा, बाता बिरदा सहित अन्य गांव में अंधेरा छाया हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों ने स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को देर रात ही इसकी सूचना दी थी लेकिन अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में ठोस पहल नहीं की जिसके चलते एक दर्जन गांव में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। मंगलवार की सुबह किसी तरह व्यवस्था को बहाल करने की कवायद शुरू की गई और सुबह लगभग ⏭ शेष पेज 3 पर

### ठण्ड में चल रहा मेंटेनेंस का काम

इन दिनों विद्युत वितरण विभाग द्वारा गर्मी के सीजन में उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा ठंड में ही मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि मेंटेनेंस के तहत मंगलवार को शहर के तुलसी नगर जोन के अंतर्गत आने वाले टीपी नगर फीडर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए विद्युत आपूर्ति ठप्प की गई थी और इस दौरान इस इलाके में आने वाले क्षेत्र के सब स्टेशन में मेंटेनेंस का काम किया गया है। इसके अलावा जिस जिस जगह में लाइन में पेड़ पौधे विद्युत व्यवस्था को प्रभावित कर रहे थे उन इलाकों में ट्री कटिंग का काम किया गया। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मद्देनजर मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है।

### फीडर में आयी थी खराबी

कनकी फीडर के अर्थ में तकनीकी खामी आने की वजह से कनकी के एक दर्जन गांवों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बाधित हुई थी, जिसे मंगलवार की सुबह बहाल कर लिया गया था।

-शत्रुघ्न प्रसाद सोनी, डीई, विद्युत वितरण विभाग ग्रामीण कोरबा

# नाबालिग के परिजनों ने पुलिस पर लगाया आरोप, एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नाबालिक छात्रा के परिजनों ने पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध वसूली कर परिवार को धमकाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है और मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारी सान्ही निवासी एक ग्रामीण ने 26 नवंबर की दोपहर 2 बजे के आसपास उसकी नाबालिग पुत्री पसान साप्ताहिक बाजार जाने के नाम पर घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी थी। परिचितों के पास पूछताछ करने पर वह किसी शनि नामक लड़के के साथ देखे जाने की सूचना मिली। इस घटना की शिकायत परिजनों द्वारा थाना पसान में किया गया किन्तु उनके द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट पर शनि नामक व्यक्ति को अज्ञात व्यक्ति दर्शाया गया है। बयान दर्ज नहीं होने पर परिवार जब वापस लौटा तो उसकी ⏭ शेष पेज 3 पर

### महिला से गांजा की हुई थी जब्ती, दो साल की मिली सजा

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागरपारा निवासी ताराबाई सारथी पति कृपा राम सारथी के घर वर्ष 2024 में मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्यवाही की थी जहां उसके कब्जे से पुलिस ने 2 किलो गांजा जब्त किया था और मामले को विशेष न्यायधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय में पेश किया गया था। जहां ताराबाई सारथी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने ताराबाई को दो वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को एक माह का अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ेगा।

# त्रिपक्षीय वार्ता में कुछ पर बनी सहमति कुछ मांगों पर नहीं बनी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। बैठक में प्रबंधन प्रशासन व प्रभावित ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान हरदीबाजार सरपंच ने 9 बिंदुओं को एसईसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन के मध्य रखी। जिसमें हरदीबाजार बसाहट को पूर्ण पंचायत का दर्जा देने, मकान नापी पश्चात 50 प्रतिशत मुआवजा राशि देने, बचत राशि को मकान तोड़ने के 3 महिने के अंदर देने, बसाहट को सर्वसुविधायुक्त बनाने, वर्ष 2004 के बाद जन्मे बच्चों जिनकी उम्र मुआवजा वितरण तक 18 वर्ष हो उसे बसाहट दिने पर सहमति बनीं है।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन के लिए प्रभावित ग्राम हरदीबाजार के अधिग्रहण का रास्ता साफ होता नहीं दिख रहा है। सभी मुख्य 9 मांगों पर प्रबंधन, जिला प्रशासन व ग्रामीणों के बीच पूर्ण सहमति नहीं बनने से ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। चर्चा के दौरान वर्ष 2004 के बाद जन्मे बच्चों को नौकरी नहीं देने का मामला न्यायालय में लंबित होने वर्ष 2004 से वर्ष 2010 के अधिग्रहण बाद रजिस्ट्री खातेदार को शत प्रतिशत सोलसियम व बसाहट नहीं देने, जमीन का मुआवजा बढ़ाने पर सहमति नहीं बन पाई। शेष बचे लगभग 250 एकड़ जमीन को अधिग्रहण नहीं करने, जो शासकीय भूमि में मकान बनाकर रह रहे हैं उन्हें सिंगल मुआवजा सोलसियम के साथ नहीं मिलेगी। वहीं जो किसान शासकीय भूमि में मकान बनाकर रह रहे हैं, जिनकी जमीन अधिग्रहण में ही दूसरी जगह पर है उसे बसाहट मिलेगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाने की मांग रखी, जिसे कलेक्टर से चर्चा के बाद हटा लिया जाएगा।


बैठक में उपस्थित एसईसीएल के अधिकारी और भूविस्थापित ग्रामीण।

### प्रबंधन मांगों पर दिखाए गंभीरता

हरदीबाजार के सरपंच लोकेश्वर कंवर ने कहा है कि सोमवार को एसईसीएल दीपका सभागार में हुई त्रिपक्षीय वार्ता सार्थक नहीं रही। ग्रामवासियों के प्रमुख समस्याओं का कोई समाधान ही नहीं निकला, जिससे हम ग्रामवासी संतुष्ट नहीं हैं। प्रबंधन व जिला प्रशासन असहमति मांगों पर गंभीरता दिखाए। इसी तरह हरदीबाजार निवासी गोपाल यादव ने कहा है कि त्रिपक्षीय वार्ता में वास्तविक रूप से किसानों व ग्रामीणों के हितों में नहीं रहा, सभी मांगों में पूर्ण सहमति नहीं बनी है।

# आवास आबंटन के लिए विभाग में बनाई गई पांच सदस्यों की कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंचाई विभाग में आवास आबंटन के लिए 5 सदस्यों की कमेटी बनाई गई है। आने वाले शिकायतों के निराकरण के लिए विभाग के द्वारा कमेटी तो बना दी गई है किंतु अपने ही आवासों को बेजाकब्जा से मुक्त नहीं करा पा रहा है और आवासों की स्थिति भी जर्जर हो चली है जिसके छोटे मोटे मरम्मत का काम विभागीय कर्मियों को ही कराना पड़ता है।

सिंचाई विभाग में आवास को लेकर लगातार बढ़ रही समस्या को देखते हुए आवास आबंटन समिति बनाई गई है। जिनमे कार्यपालन अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हैं। उक्त कमेटी में आवास आबंटन के लिए आने वाले आवेदनों पर कार्यवाही कर कर्मचारियों को आवास का आबंटन किया जाता है। नई कमेटी में भी जो आवेदन आएंगे उस पर कमेटी के सभी सदस्यों के द्वारा सामूहिक निर्णय लेकर आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। आवास के लिए विभाग में भले ही कमेटी बन गई है किंतु कई आवास ऐसे हैं जिसमें गैर शासकीय कर्मचारी निवास कर रहे हैं जिन्हें खाली कराने को लेकर विभागीय अधिकारियों ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- सिंचाई विभाग के कई आवास में है बेजाकब्जा जो नहीं हो सके खाली

### कटघोरा में नई कालोनी का होगा निर्माण

सिंचाई विभाग की कटघोरा में स्थित सिंचाई विभाग के आवासीय कालोनी की जगह नई कालोनी का निर्माण होगा जिसके लिए विभाग ने बीते वर्ष हाउसिंग बोर्ड से अनुबंध करते हुए इसका प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा था जिसकी स्वीकृति मिल गई है। इनमें कार्यपालन अभियंता और एसडीओ स्तर के अधिकारियों के कार्यालय भवन भी शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### तीन तलाक के मामले में पुलिस ने किया अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** शहर में तीन तलाक बोलने का मामला सामने आया है। मोमिनपुरा में एक युवक ने पहले पत्नी को तीन बार तलाक-तलाक बोला फिर मारपीट कर पत्नी को घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति का किसी दूसरे महिला से संबंध है। मामले में पुलिस ने युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शहर के मोमिनपुरा निवासी शेख आमिन हुसैन जो राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद संगठन का अध्यक्ष है। इसकी पत्नी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध है। इसका विरोध करने पर पति द्वारा अक्सर मारपीट व गाली गलौज की जाती है। इसी बात को लेकर 16 दिसंबर को पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान ही पति शेख आमिन ने पहले तीन बार तलाक बोला फिर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसने समझौते की कोशिश की लेकिन पति ने यह कहते हुए रखने से इंकार कर दिया कि व उसे तीन तलाक दे दिया है। समझौता न होने पर पीड़िता 5 जनवरी को कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 296, 351 (3) और मुस्लिम विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आग से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** भोजन बनाते समय आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पाकजाम हरिहरपारा निवासी शांति उरांव पति ठेमा उरांव (68 वर्ष) 31 दिसंबर को घर में भोजन बना रही थी। इसी दौरान कपड़े में आग पकड़ लेने से शोर मचाने लगी। घर में चीखने चिल्लाने की आवाज सून बहू बीना लकड़ा कमरे गई तो सास अचेत हालत पड़ी हुई थी। परिजन वृद्धा को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### गिरने से गंभीर युवक की अस्पताल लाते समय हुई मौत

**अम्बिकापुर।** कमलेश्वरपुर निवासी संजय कुमार यादव आ. स्व. राजकुमार यादव (31 वर्ष) सोमवार की शाम बाथरूम जा रहा था तभी चक्कर आने से गिर गया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि युवक कीडनी बीमार से पीड़ित था जिसका उपचार शहर के निजी अस्पताल में चल रहा था। संजय की तबीयत अचानक खराब होने से वह गिर गया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### संयुक्त टीम ने 25 किमी पीछा कर पकड़ा 750 बोरी अवैध धान लोड ट्रक

**अम्बिकापुर।** राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने यूपी से अवैध धान परिवहन कर रहे एक ट्रक को 25 किमी तक पीछा कर पकड़ने में सफलता हासिल की है। ट्रक में 750 बोरी धान मिला है जिसे जब्त कर वाड्रफनगर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। तस्करों द्वारा सहकारी समितियों में खपाने के उद्देश्य से यूपी, एमपी एवं झारखण्ड से परिवहन किए जा रहे अवैध धान के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने के बावजूद तस्करों के हौसले कम नहीं हो रहे हैं तथा तस्कर देर रात अवैध धान का परिवहन कर रहे हैं। बीती रात गिरवानी मार्ग से यूपी की तरफ से ट्रक आने पर बैरियर पर तैनात कर्मचारियों ने जांच के लिए ट्रक को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक तेज रफ्तार से ट्रक लेकर फरार हो गया। ट्रक द्वारा अवैध धान परिवहन करने की संभावना पर कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीएम नीरनिधि नंदेहा के निर्देशन में वाड्रफनगर एवं रघुनाथनगर तहसीलदार नायब तहसीलदार एवं पुलिस की संयुक्त टीम ट्रक की तलाश में निकली। संयुक्त टीम ने संभावित मार्गों में 25 किमी दूर तक ट्रक का पीछा किया तथा अंततः पेंडारी के निकट धान लोड ट्रक को पकड़ा। ट्रक चालक बिना किसी वैध दस्तावेज के धान का परिवहन कर रहा था। टीम ने अवैध धान लोड ट्रक को जब्त कर वाड्रफनगर पुलिस के सुपुर्द किया है। एसडीएम श्री नंदेहा ने बताया कि अवैध धान के विरूद्ध संयुक्त दल की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्त्राव से महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** प्रसव के महिलाओं की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर बच्चे को जन्म देने के बाद प्रसूता की अत्यधिक रक्तस्त्राव से मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। वहीं लगातार ही रही प्रसूताओं की मौत से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर भी सवाल खड़े कर दिए है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के कोट पटना निवासी 22 वर्षीया जगमनिया पति देशवंत सिंह को प्रसव पीड़ा होने पर 5 जनवरी को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसव पीड़ा के बाद महिला ने जिला अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी से एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे क जन्म देने के बाद महिला को अत्यधिक रक्तस्त्राव की समस्या शुरू हो गई और उसका बीपी हाई को गया।

# एसईसीएल ग्राउंड में बंग समाज ने आयोजित किया आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अलग खबर

बंग समाज द्वारा शनिवार को कालीबाड़ी एसईसीएल ग्राउंड में आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें टाइटल स्पॉन्सर के रूप में प्रथम ज्वेलर्स निहारिका, गोल्ड स्पॉन्सर के रूप में एनकेएच हॉस्पिटल एवं को-स्पॉन्सर के रूप में पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक्स, शाह जेठालाल ज्वेलर्स, कावेरी रेस्टोरेंट, संज्ञान मोटर्स यामाहा, सिल्वर सेंटर, श्री मेडिको, वर्धमान ज्वेलर्स, ऑटो सेंटर, तत्व आर्किटेक्ट्स एंड प्लानर्स, केक शॉप, इंडियन हॉलीडेज एवं अंकुर टेंट हाउस का सहयोग मिला। इस आनंद मेला में बंग समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक व्यंजनों के स्टाल लगाए गए एवं पेंटिंग और पौधों के स्टॉल भी लगाए गए। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पार्षद नरेंद्र देवांगन, कालीबाड़ी पुरोहित सहदेव चक्रवर्ती, कोरबा बंग समाज के महासचिव अधिवक्ता श्यामल मल्लिक एवं कोरबा बंग समाज के कोषाध्यक्ष संजय दुबे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## मेले में लगाए गए थे पेंटिंग व पौधों के स्टॉल

**खास बातें**

- कार्यक्रम को महापौर ने किया संबोधित
- मेले में लगाए गए थे पारंपरिक व्यंजन के स्टॉल



पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राकेश रामानी एवं श्रीमती सुमन रामानी द्वारा सभी बंग समाज की महिलाओं को एप्रन उपहार के रूप में देकर उनका उत्साह बढ़ाया। एप्रन का वितरण पार्षद नरेंद्र देवांगन एवं सुमन रामानी द्वारा किया गया। यह आनंद मेला हर साल पौष के महीने में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत द्वारा महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए स्वयं एक-एक स्टॉल जाकर महिलाओं से मिली एवं व्यंजनों का स्वाद चखा। प्रत्येक इस आयोजन में रीता विश्वास, रिनी दुबे, बेबी डे, संध्या डे, शिवानी दास, मिष्टी मुखर्जी, निर्मला गिरी, टुंपा विश्वास, शिप्रा शीट, नीतू चौधरी, सविता सरकार, चंपा बैनर्जी, सुमी दास, रत्ना दत्ता, पूजा रानी माजी, मिली गांगुली, मनुपा चक्रवर्ती, छवि हालदार, संघमित्रा चक्रवर्ती आदि महिलाओं द्वारा बंगाल की पारंपरिक व्यंजनों को परोसा गया, साथ ही रंग धारा कला मंच के कमल मजूमदार एवं टीम के द्वारा बेहतरीन कलाकृतियों का स्टॉल लगाया गया और रिटायर्ड सीएसईबी कर्मचारी अनिमेष गांगुली द्वारा खूबसूरत व सजावटी फूलों के पौधों का भी स्टॉल लगाया गया।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# यातायात व्यवस्था सुधार कर ब्लैक स्पॉट करें दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित व सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुगमता तथा सड़क मरम्मत व सुधार संबंधी विषयों पर गहन समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को दुर्घटनाजन्य स्थानों पर प्रभावी सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने बैठक में जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट व दुर्घटना जन्य क्षेत्रो की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन पर आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर अविलंब सुधार कार्य किया जाए। साथ ही सड़कों में आवश्यक स्थानों में मरम्मत कार्य और संकेतकों की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इन क्षेत्रों पर ब्रेकर्स, स्पष्ट साइनेज, रेडियम पट्टियाँ, तथा पेड़ों और झाड़ियों की छटाई कर दृष्टि बाधाओं को प्राथमिकता से दूर करने निर्देश दिए। राजकीय राजमार्ग से राष्ट्रीय राजमार्ग में जुड़ने वाली सड़कों पर ब्रेकर लगाने के लिए कहा। कलेक्टर श्री दुदावत ने राष्ट्रीय राजमार्ग, पीडब्ल्यूडी व पीएमजीएसवाई विभाग अंतर्गत सड़क निर्माण व मरम्मत कार्यो के प्रक्रियाधीन टेंडर को जल्द पूरा कराने एवं काम शुरू कराने के निर्देश दिए साथ ही प्रगतिरत निर्माण कार्यो को समय सीमा पर पूर्ण कराने निर्देशित किया। उन्होंने राजमार्गो के तकनीकी खामियों वाले स्थलों पर सुधारात्मक उपाय लागू करने हेतु अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में आवागमन की सुगम व्यवस्था हेतु सड़क पर हाई मास्ट व स्ट्रीट लाइट स्थापित करने के निर्देश भी दिए। खाद्य अधिकारी को सभी पेट्रोल पम्पों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरों की स्थापना करने का भी निर्देश प्रदान किया गया, जिससे यातायात निगरानी और सुरक्षा दोनों और सुदृढ़ हो सकें। उन्होंने जिला स्तरीय समिति का गठन कर ब्लैक स्पॉट व अन्य दुर्घटना-जन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित किया। साथ ही सड़क सुरक्षा को अधिक मजबूत बनाने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने की बात कही। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना, डीएफओ कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव, सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा सभी एसडीएम सहित यातायात, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल्को, एसईसीएल एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक लेते कलेक्टर।

**स्कूल कालेजों में चलेगा जागरुकता अभियान**

कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा को लेकर आमजनों एवं विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने हेतु स्कूल एवं कॉलेजों में प्रति सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। शैक्षिक संस्थानों में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड के सदस्यों को शामिल कर सड़क सुरक्षा पर आधारित रंगोली, नुक्कड़ नाटक, क्विज, निबंध आदि गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही। उन्होंने जिले में शिविर का आयोजन कर वाहन चालकों के नेत्र जांच कराने के निर्देश दिए। पूरे साल नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर ट्रक, बस जैसे भारी वाहन चालकों सहित हल्की वाहन चालकों, ऑटो संघ व ड्राइवर संघ के सदस्यों एवं आमजनों का दृष्टि परीक्षण कराना सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कलेक्टर ने सभी अधिकारियो को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में ऑनलाइन एंट्री अवश्य करें अधिकारी-कर्मचारी: कुणाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन जनशिकायत, मानव अधिकार आयोग, कलेक्टर जनदर्शन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्रता से कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि लंबित पत्रों का परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कर संबंधित को सूचित किया जाना चाहिए।

उन्होंने शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों में आधार-फेस आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय में कार्यालय पहुँचे और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भी समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए ऑनलाइन एंट्री दर्ज कराएँ। कलेक्टर ने किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर एनआईसी से समन्वय कर इसका निराकरण करने के निर्देश देते हुए विलंब से आने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही की बात कही है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सियान जतन दिवस के माध्यम से नियमित शिविर लगाते हुए वरिष्ठ नागरिकों की नियमित स्वास्थ्य जाँच करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में पर्याप्त चिकित्सकीय अमला की ड्यूटी लगाते हुए शुगर, बीपी, हाइपरटेंशन की जाँच के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे तहसीलदार, पटवारी, समिति के माध्यम से किसानों से जुड़ी समस्याओंकृरकबा संशोधन, अन्य त्रुटियों को दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मूल किसानों को धान बेचने में किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े और शासन द्वारा दी जा रही सुविधा का लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने पसान में पीएचसी के पास स्वीकृत भवन के कार्य में प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी को निर्देशित किया कि दो दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ कराएँ, अन्यथा संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करते हुए टर्मिनेट करना सुनिश्चित करें।

## जिले के 5 किकबॉक्सर्स राष्ट्रीय खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग हेतु चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा


प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी।

भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के मार्गदर्शन में खेल एवं खिलाड़ीयो के विकास हेतु खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अस्मिता खेलो इंडिया वेस्ट जोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 29 दिसंबर तक इंदौर में किया गया।जिसमें वेस्ट जोन से मध्य प्रदेश, तेलंगाना, दमन दियू, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा सहित छत्तीसगढ़ ने भाग लिया। जिसमें कोरबा जिले के सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी से हर्षिता यादव ने स्वर्ण पदक एवं लोकिता चौहान, नाफिया सिद्दीकी, श्रेया लक्ष्मी साहू, करी तेजस्विनी ने कांस्य पदक जीता। दिव्या कर्ष ,कृति शर्मा, मानसी यादव, नूतन तिवारी , सिद्धि सिंह सोनवानी , वी संभवी, वी ज्ञानवी, अंशिका चन्द्रा, माही जायसवाल ने भी विभिन्न वजन वर्गों में अच्छा खेल का प्रदर्शन किया। सभी विजयी खिलाड़ीयो का चयन मार्च में चेन्नई में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु हुआ है। सभी विजेता खिलाड़ियों ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक, कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक तारकेश मिश्रा तथा क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा के साथ सौजन्य भेंट की। कलेक्टर ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने खेल एवं खिलाड़ियों के विकास हेतु हर संभव सहायता करने की बात कही और सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# रेडक्रॉस ने जरूरतमंदों को बांटे श्रवण यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा कोरबा के कार्यालय में संरक्षक रामसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में बहरापन दूर करने हेतु निरंतर मानवीय सेवा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंदों को श्रवण यंत्र उपलब्ध कराकर उन्हें पुनरू सामान्य जीवन से जोडने का कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सुजीत जायसवाल निवासी पुरानी बस्ती कोऑपरेटिव बैंक के पास कोरबा लंबे समय से सुनाई देने में गंभीर परेशानी से जूझ रहे थे। चिकित्सकीय जांच उपरांत चिकित्सको द्वारा उन्हें श्रवण यंत्र लगाने की स्पष्ट सलाह दी गई थी किंतु आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे श्रवण यंत्र क्रय करने में असमर्थ थे। अपनी समस्या से निजात पाने हेतु सुजीत जायसवाल ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कोरबा के संरक्षक रामसिंह अग्रवाल को मेडिकल रिपोर्ट संलग्न करते हुए मौखिक एवं लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होते ही रेड क्रॉस संरक्षक द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके फलस्वरूप 5 जनवरी को रेड क्रॉस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुजीत जायसवाल को निरूशुल्क श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र प्राप्त होते ही उनकी सुनने की क्षमता में सुधार हुआ, जिससे उनके चेहरे पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस अवसर पर लाभार्थी सुजीत जायसवाल ने भावुक होते हुए रेड क्रॉस संरक्षक रामसिंह अग्रवाल के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सहायता उनके जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास लेकर आई है। उक्त कार्यक्रम में जफर अली, सदाराम चंद्रा, फागुलाल चंद्रा सहित रेड क्रॉस से जुड़े अन्य गणमान्य नागरिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने रेड क्रॉस द्वारा किए जा रहे इस मानवीय सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।


श्रवण यंत्र वितरित करते हुए।

## दीपका में अशासकीय स्कूल संघ का सांस्कृतिक सम्मान समारोह

**कोरबा।** अशासकीय स्कूल संघ दीपका द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं के सम्मान में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे, नगर पालिका दीपका के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष संगीता साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा आचार्य विधि से पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके पश्चात शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा नृत्य, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

## जिले की डायलिसिस यूनिट से 574 मरीजों को मिला निःशुल्क लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी के नेतृव में जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों में बडी पहल के रूप में जिला चिकित्सालय (मेडिकल कॉलेज) कोरबा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत जीवनधारा निःशुल्क डायलिसिस सेवा संचालित किया जा रहा है। इस यूनिट में अत्याधुनिक 9 डायलिसिस मशीनों की स्थापना होने से समय स्थानीय स्तर पर गंभीर किडनी रोगियों के को उपचार की सुविधा का लाभ मिल रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि जिला चिकित्सालय कोरबा में डॉयलिसस यूनिट प्रारंभ होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बडी राहत है क्योंकि गरीब परिवार के रोगियों को किडनी (गुर्दे) का इलाज असंभव होता था। उनके लिए डायलिसिस कराना ही मुख्य रास्ता बचता था, इसके लिए दूर दराज के शहरों में जाकर उपचार कराते थे लेकिन इसके लिए हर महीने हजारों रूपये की आवश्यकता होती है। ऐसे मे जिला चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट प्रारंभ होने से किडनी के मरीजों को अब अपने शहर में ही सस्ती या मुफ्त डायलिसिस सुविधा मिल रही है। जिले के डायलिसिस यूनिट में 9 मशीने संचालित है अभी तक 36520 सत्रों में 574 मरीजों को अभी तक निःशुल्क उपचार मिल चुका है।

## शिविर में असाध्य रोगों से पीड़ति 351 रोगी हुए लाभान्वित

# आयुर्वेद का अधिक से अधिक करें इस्तेमाल: संजू देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पतंजलि योगपीठ दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट हरिद्वार के 32वें एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हरिद्वार के 18वें स्थापना दिवस पर महापौर श्रीमती संजू देवी सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में नीमा छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सचिव डॉ.विकास अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में एवं श्री शिव औषधालय के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में 5 जनवरी को पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में निशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज, घनत्व जांच तथा आयुर्वेद योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गुजरात आयुर्वेद डेंटिस्ट्री के दंत चिकित्सक डॉ.विकास अग्रवाल, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित अनुभवी ख्यातिलब्ध चिकित्सिका वैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, आयुष चिकित्सक डॉ.संजय वैष्णव, डॉ.प्रदीप सिंह कश्यप एवं संस्थान के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा ने अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान की। शिविर में गुजरात आयुर्वेद डेंटिस्ट्री के दंत रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.विकास अग्रवाल ने 63 दंत रोगियों की जांच कर, ऐसे दंत रोगी जो शुगर, ब्लड प्रेशर के रोगी होने के कारण दांत नहीं निकलवा पा रहे थे और लम्बे समय से तकलीफ में थे। ऐसे 18 रोगियों का बिना किसी दर्द निवारक दवा के जालंधर बंध द्वारा दांत निकाला। शिविर में 126 मधुमेह रोगियों की रक्त शर्करा की निःशुल्क जांच की गई तथा शिविर में अपना इलाज कराने आये सभी 351 रोगियों को चिकित्सकों ने उनके लिये उपयोगी आयुर्वेदानुसार आहार-विहार, दिनचर्या ऋतुचर्या, के विषय में विस्तार से बताते हुए इससे मुक्ति हेतु निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श दिया। शिविर में रोगियों के लिए उपयोगी योगाभ्यास मण्डूकासन, शशकासन, पादहस्तासन, वक्रासन, मर्कटासन तथा भस्त्रिका, कपालभाति एवं अनुलोम विलोम प्राणायाम का व्यक्तिगतरूप से विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महापौर।

## खबर संक्षेप

### आज से सभी पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनेगा आवास दिवस

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव एवं महात्मा गांधी नरेगा के रोजगार दिवस के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। आवास दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराना, हितग्राहियों में जन-जागरूकता लाना तथा निर्माण में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निर्देशित किया है कि आवास दिवस का आयोजन सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से किया जाए तथा शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

### जिला स्तरीय टोली का गठन संयोजक बने राठौर



**हरदीबाजार।** वीबीजी राम जी जागरूकता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने एवं संगठनात्मक समन्वय को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी द्वारा जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है। गठित टोली में जिला संयोजक भाजपा नेता चुलेश्वर राठौर को बनाया गया है। वहीं डॉ. पवन सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा, उमेश्वर सोनी किसान नेता और रामकुमार गभेल सहकारिता नेता की टीम का सदस्य बनाया गया है। टीम के जिला संयोजक चुलेश्वर राठौर ने बताया कि यह टोली अभियान के अंतर्गत जिले भर में समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी तथा कार्यकर्ताओं के साथ सतत संपर्क बनाए रखेगी। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि नवगठित टोली वीबीजी राम जी अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

### शिक्षक-शिक्षिकाओं के सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दीपका।** दीपका में अशासकीय स्कूल संघ का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। संघ ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विशिष्ट अतिथि राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे, नगर पालिका दीपका के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष संगीता साहू समेत अन्य रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य विधि से पूजा-अर्चना व मंत्रोच्चार से किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस तरह के आयोजन को शिक्षकों के कौशल विकास, आत्मविश्वास और मंचीय प्रस्तुति क्षमता में वृद्धि और छात्रों में सकारात्मक प्रभाव के लिए जरूरी बताया। अशासकीय स्कूल संघ कोरबा के जिलाध्यक्ष अक्षय दुबे, पार्षद अरुणीश तिवारी, ज्योति तिवारी, दीपका के नोडल अधिकारी कल्पना बेंजामिन, दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू, चरक संहिता के संयोजक सत्य प्रकाश सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

### कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मसान 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 पद एवं ग्राम पंचायत बरपाली के आंगनबाड़ी केन्द्र कोलिहाडीह 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाये गये थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) ने इस सम्बंध में बताया कि प्राप्त आवेदनों अनुसार प्रावधिक मूल्यांकन प्रत्रक जारी करते हुए कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण), पता- सखी वन स्टाप सेंटर के आगे नर्सिंग गंगा कॉलोनी वार्ड नंबर 35 में जनपद कार्यालय कोरबा में सूची चस्पा किया गया है। इस सम्बंध में अभ्यर्थियों से 29 दिसम्बर से 9 जनवरी तक आवेदन मंगाय गया है। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि तक कार्यालयीन समय मे परियोजना कार्यालय कोरबा ग्रामीण में दावा आपत्ति जमा कर सकते है।

### आगामी जनगणना भू-संदर्भण प्रशिक्षण आयोजित

**कोरबा।** आगामी जनगणना 2027 की तैयारी को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामों की भौगोलिक सीमा और स्थिति के सटीक भू-संदर्भण के लिए कलेक्टर सभा कक्ष, कोरबा में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन दोपहर 1 बजे किया गया, जिसमें जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जिला कोरबा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी बैद्यनाथ कुमार ने के उपयोग संबंधी विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रदान की। नोडल अधिकारी ने बताया कि आगामी जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल मोड में संचालित की जाएगी। इसके प्रथम चरण का कार्य अप्रैल से सितंबर 2026 तक तथा द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा। डिजिटल जनगणना के लिए ग्रामों का सटीक भू-मानचित्रण अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए गुगल अर्थ प्रो का प्रयोग महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर ओंकार यादव, जनगणना नोडल अधिकारी तुलाराम भारद्वाज बनाए गए हैं।

# जीत के लक्ष्य के साथ सभी टीम खेल भावना से खेलें : कंसल

## विद्युत कंपनी कोरबा पूर्व में अंतर क्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य विद्युत उत्पादन कपनी के व्हालीबॉल मैदान में 5 से 7 जनवरी तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में, रायपुर सेन्ट्रल, रायपुर क्षेत्र, दुर्ग, राजनंदगांव, बिलासपुर, मड़वा, कोरबा पश्चिम एवं कोरबा पूर्व की कुल आठ टीमें प्रतिनिधित्व कर रही है। प्रतियोगिता लीग आधार पर दो पूल बनाकर खेली जा रही है। संजीव कंसल एवं एसके बंजारा द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि श्री कंसल ने प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए व्हालीबॉल के खिलाडियों का जीत के लक्ष्य के साथ खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए खेलेंगे। श्री बंजारा ने कहा खेल कोई भी हो खिलाडियों में खेल भावना अवश्य होनी चाहिए, मैच कोई जीतता है तो कोई उससे सीखता है। कोरबा पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव पीआर वारते ने कहा खेल आयोजन का दायित्व कंपनी के सभी क्षेत्रों को दिया जाता है जिसका निर्वहन हमारे प्रबंधन एवं खिलाड़ी निष्ठा के साथ करते है। प्रतियोगिता में निर्णयक के रुप में राजेश्वर सिंह, दास गुप्ता, प्रमोद सिंह, कोमल दास, एवं सुमित सिंह उपस्थित रहंगे। शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के सचिव पीआर वार्ते अधीक्षण अभियंता एवं गोवर्धन सिदार, वरि. कल्याण अधिकारी सह मुख्य रसायनज्ञ डीएसपीएमटीपीएस उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन घनश्याम साहू द्वारा किया गया एवं दीनानाथ राय, सरोज राठौर, पवन दास, सागर देवांगन, चंद्रशेखर जायसवाल, जयमल सिंह बेक एवं कोरबा पूर्व के खिलाडियों का सहयोग रहा।

अलग खबर

**खास बातें**

- प्रतियोगिता में प्रदेश की 8 टीमें ले रही हैं भाग
- लीग आधार पर खेले जा रहे हैं मैच



## आरटीई के तहत विद्यार्थियों के फर्जी नाम दर्ज कर शासन के लाखों डकारे

# कूटरचित अनुमति पत्र से संचालित निजी स्कूल से मुक्त कराई गई भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा तुलसीनगर क्षेत्र में निजी स्वामित्व की भूमि पर वर्षों से फर्जी तरीके से संचालित हो रहे एक निजी स्कूल के अवैध कब्जे से 45 डिसमिल शासकीय भूमि मुक्त कराई है। शेष 20 डिसमिल भूमि को खाली करने के लिए तहसीलदार द्वारा स्कूल प्रबंधन को एक माह का समय दिया गया है।

सोमवार को तहसीलदार क्षितिज, तहसीलदार बजरंग साहू तथा प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से बाउंड्री वॉल हटाकर भूमि का विधिवत कब्जा ट्रांसपोर्ट व्यवसायी सौरभ अग्रवाल को सौंपा गया। यह भूमि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019 में फ्रीहोल्ड कर सौरभ अग्रवाल के नाम पंजीकृत की गई थी। प्रशासनिक कार्रवाई के अगले दिन मंगलवार को स्कूल संचालक अरुणांचल कौशिल द्वारा कुछ स्कूली बच्चों को एकत्र कर बेदखली कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन कराया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों के साथ विवाद हो गया। आरोप है कि कर्मचारी रवि पुंडे के साथ अभद्रता व हाथापाई की गई तथा जेसीबी मशीन पर पथराव कर उसका कांच क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के संबंध में रवि पुंडे ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं स्कूल संचालक भी बच्चों के साथ थाने पहुंचे और अपनी ओर से शिकायत प्रस्तुत की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 1956-57 में नेशनल कोल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा कोयला खनन गतिविधियों के लिए 267.80 एकड़ शासकीय भूमि का अधिग्रहण किया गया था। इस भूमि के एक हिस्से में वर्कशॉप शेड का निर्माण किया गयाए जिसका उपयोग खनन कार्यों में लगे वाहनों की मरम्मत आदि कार्यों के लिए होता था। तहसीलदार की उपस्थिति में कराए गए सीमांकन के दौरान विद्यालय द्वारा भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई। इसके पश्चात राजस्व संहिता की धारा 250 के तहत बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। तीन बार नोटिस जारी होने के बावजूद कब्जा नहीं हटाए जाने पर अंततः प्रशासन ने 5 जनवरी को बेदखली की कार्रवाई पूरी की।

**खास बात**

- सरकारी भूमि से हटाया गया अतिक्रमण, अगले दिन विद्यालय में विरोध व तोड़फोड़

**शिकायत प्राप्त हुई है**

दोनों पक्षों की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-मोतीलाल पटेल
थाना प्रभारी कोतवाली

**भूमि का कब्जा दिलाया गया**

सोमवार को प्रशासनिक कार्रवाई कर भूमि का कब्जा दिलाया गया था। मंगलवार को भी विवाद की सूचना प्राप्त हुई है। सोमवार को उस समय भी विरोध हुआ था।

-बजरंग साहू, तहसीलदार

## जलोटा बने एनटीपीसी के पश्चिमी क्षेत्र 4 के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नीरज जलोटा

नीरज जलोटा ने 6 जनवरी को एनटीपीसीनवा रायपुर के पश्चिमी क्षेत्र-2 के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का पदभार संभाल लिया है। इसके अलावा जलोटा एनटीपीसीनवा रायपुर में कार्यकारी निदेशक यूएसएससी यूनिफाइड शेयर्ड सर्विस सेंटर का पद भी संभाल रहे हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी से बीई मैकेनिकल इंजीनियर, जलोटा 1988 में एक एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में एनटीपीसीमें शामिल हुए थे। उनके नाम पर आईआईटी दिल्ली से इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में एम टेक और एमडीआई गुड़गांव से बिजनेस डेवलपमेंट में पीजी डिप्लोमा भी है। श्री जलोटा के पास ऑपरेशन, मैकेनिकल मेंटेनेंस और इरेक्शन, बिजनेस डेवलपमेंट, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेशन, कोयला खनन और प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन के क्षेत्रों में समृद्ध और विविध अनुभव है। उन्होंने 37 साल से ज़्यादा के करियर में कई अहम पदों पर काम किया और एनटीपीसीबदरपुर, एनटीपीसी- जीई जेवी नोएडा, एनटीपीसीचट्टी बरियातू कोल माइनिंग और एनटीपीसीपकरी बरवाडीह कोल माइनिंग में काम किया। अपने शानदार करियर में, श्री जलोटा ने झारखंड में एनटीपीसीकेरंदारी कोल माइनिंग, ओडिशा में एनटीपीसीदुलंगा कोल माइनिंग और झारखंड में एनटीपीसीपकरी बरवाडीह कोल माइनिंग के अलावा मध्य प्रदेश में एनटीपीसीके जॉइंट वेंचर झाबुआ के सीईओ का पद संभाला। 2 जुलाई से श्री जलोटा एनटीपीसीनवा रायपुर में कार्यकारी निदेशक-यूएसएससी के रूप में यूनिफाइड शेयर्ड सर्विस सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैंऔर यूनिफाइड कॉन्ट्रैक्ट और परचेज फंक्शन्स को बढ़ावा दे रहे हैं। उनके समृद्ध और विविध अनुभव के साथ आने वाले दिनों में उनके कुशल मार्गदर्शन और प्रभावी नेतृत्व में एनटीपीसी पश्चिम क्षेत्र-2 बहुत लाभान्वित होगा।

## वन नेशन, वन सिलेबस के तहत शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सेजस मदनपुर में वन नेशन वन सिलेबस अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन विनोद जायसवाल वरिष्ठ व्याख्याता मदनपुर के मुख्य आतिथ्य, अनिल जगत की अध्यक्षता, जीवन सिंह मरकाम के विशिष्ट आतिथ्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। अंतिम दिवस के प्रशिक्षण की शुरुवात माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। तत्पश्चात महिला पतंजलि योग समिति कोरबा से संभाग प्रभारी आभा देवांगन, जिला प्रभारी लक्ष्मी मूर्ति, महामंत्री इंद्राणी पांडेय, जिला कार्यकारिणी ज्योति बल साहू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों ने योगा, सूर्यनमस्कार का सामूहिक प्रदर्शन किया। अगले चरण में सीएसी विवेक ज्योति खांडे, पवन पैकरा, मनोहर पैकरा के मार्गदर्शन में 19 संकुल से आये 95 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रस्साकस्सी, सत्तुल, कबड्डी और अन्य शारीरिक और मानसिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। अंतिम चरण में मास्टर ट्रेनर निर्मल पटेल, श्रद्धा शर्मा, पुष्पलता भार्गव, अर्चना किंडो, यामिनी दुबे, राजकुमारी साहू, मालती कंवर के संयोजन में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तेलसरा संकुल के शिक्षकों ने पारंपरिक डंडा नृत्य, अलगीडाड संकुल के अर्पिता तिवारी एवं साथियों ने कछुआ खरगोश की मित्रता पर लघु नाटिका, तुलसी मराबी, दारासिंह और रवि चंद्रा ने कराओके सांग प्रस्तुत किया।

### कोरबा के कुदमुरा व करतला रेंज में विचरण कर रहे तीन दंतैल

**कोरबा।** जिले के कोरबा वनमंडल अंतर्गत कुदमुरा एवं करतला परिक्षेत्र में तीन दंतैल हाथी विचरण कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को जान माल का खतरा बना हुआ है। जानकारी के अनुसार एक दंतैल हाथी कुदमुरा रेंज के कलमीटिकरा क्षेत्र में पड़ोसी धरमजयगढ़ वनमंडल से पहुंचा है। दंतैल हाथी यहां आने के बाद जंगल में विचरण कर रहा है। दंतैल हाथी के अकेले होने के कारण उत्पात मचाए जाने की संभावना को देखते हुए वन विभाग सतर्क है। उधर करतला रेंज में भी दो दर्जन हाथियों का झुंड होने की पुष्टि हुई है। दोनों हाथियों को रेंज के नोनबिर्रा सर्किल के चिकनीपाली बीट के तिलईडबरा में सोमवार की रात एक साथ घूमते हुए देखा गया। जिसमें से एक दंतैल हाथी ने जिले में तीन लोगों को एक के बाद एक मौत के घाट उतार दिया गया था। दंतैल हाथी ने चिकनीपाली क्षेत्र में स्थित पहाड़ को विगत एक सप्ताह से अपना बसेरा बनाया है। दंतैल हाथी अधिकांश समय पहाड़ पर ही विचरण करते रहता है लेकिन बीच-बीच में पानी की तलाश में पहाड़ से नीचे उतरकर तिलईडबरा गांव के पास पहुंच जाता है। सोमवार की रात यह दंतैल एक अन्य दंतैल के साथ इसी क्षेत्र में दिखाई दिया था। वहीं कटघोरा वनमंडल के जटगा एवं केंदई रेंज में 51 हाथी का झुंड विचरण कर रहा है। ड्रोन कैमरे के अलावा मैदानी अमले की मदद ली जा रही है, जो हाथियों की हर गतिविधियों पर नजरे जमाये हुए हैं।

## सीएसईबी हनुमान मंदिर प्रांगण में नवधा रामायण का हुआ आयोजन



नवधा रामायण का हुआ शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सीएसईबी में 17वें वर्ष अखंड नवधा रामायण का आयोजन का शुभारम पं. घनश्याम दुबे, प्रेम दुबे, महराज द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ कर किया गया। अखंड रामायण 5 से 13 जनवरी तक चलेगा। नवधा रामायण का आयोजन होने से मोहल्ले सुख शांति, खुशहाली होती है। ये तो सौभाग्य की बात है कि कटघोरा में 15 वार्ड में केवल बिजली भाटा छिरा हनुमान मंदिर का नाम नवधा रामायण में आता है। मोहल्ले वाले बड़े सौभाग्य शाली होते जहां नवधा रामायण का आयोजन होता है जहां नवधा रामायण होता है उस स्थान पर हनुमान जी स्वयं उपस्थित रहते है। अखंड नवधा रामायण की जहां तक आवाज जाती है वहां के सभी मानव के अतिरिक्त सभी जीव-जंतु को मोक्ष प्राप्त हो जाता है। शुभारंभ के पूर्व तहसील भाटा वार्ड न दो नवधा चौक के पास पूजा पाठ कर सैकड़ों महिलाएं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में कृष्ण दास महंत, संतोष साहू, नर्मदा देवांगन, अशोक दुबे महराज, रामकुमार साहू, राजेश्वरी जात्रा, सुनील जात्रा, हरीश यादव पार्षद, चरण दास, जी आर चन्द्र, के के बिंझवार, ज्योति देवांगन, श्रीमती कृष्णा साहू ,श्याम सोनी, सुनीता वैष्णव,पांचों बाई एवं अन्य सदस्यों का अथक सहयोग रहा।

## रोवर रेंजर जम्बूरी में भागीदारी करने दल हुआ रवाना

**कोरबा।** प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी में भागीदारी करने जिले का दल मंगलवार को दुधली, बालोद के लिए रवाना हुआ। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ की मेजबानी में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी का आयोजन किया जा रहा है। यह जम्बूरी दुधली, बालोद में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित है। जम्बूरी में मेजबान छत्तीसगढ़ के अलावा देशभर से सीनियर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स की भागीदारी हो रही है। जिले से दो सौ से अधिक संख्या वाला दल जम्बूरी में सम्मिलित होने मंगलवार को रवाना हुआ। जम्बूरी के शुभारंभ के पूर्व दो दिनों तक पूर्वाभ्यास होगा। कोरबा जिला दल का नेतृत्व जिला प्रभारी के रूप में प्रीतमलाल राजवाड़े, आशालता कौशिक एवं सहायक जिला प्रभारी के तौर पर राजीव कुमार साहू, शशिकला सोनी कर रही हैं। प्रतिभागी कैम्प क्राफ्ट, स्टेट गेट, बैंड डिस्प्ले, कैम्प फायर, मार्च पास्ट, ट्रायबल कार्निवाल, प्रदर्शनी, लोक नृत्य, सांस्कृतिक आदान प्रदान, एथनिक फैशन शो, यूथ पार्लियामेंट, क्वीज, एडवेंचर, फूड प्लाजा, कम्यूनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट होंगे।



### छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने किया वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ का वार्षिक कैलेंडर का स्वर्गीय बिसाहूदास महंत मेडिकल कॉलेज के संस्था प्रमुख डीन डॉ के के सहारे एवं मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ गोपाल कंवर सर के द्वारा विमोचन किया गया सभी जिला चिकित्सालय कर्मचारीगण मनीष सिंह, शांता मित्रा, नरेंद्र कंवर, उपासना सिंह, सोहन कुर्रे, राजेश कंवर, सुशील मोरी, भोज कुमारी, राधेश्याम कश्यप, अशोक लखेरा, योगेश थवाइत अन्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक

# नशीले पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में मादक पदार्थों की उपलब्धता, उपयोग एवं अवैध बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज कलक्ट्रेट सभाकक्ष में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने नशीले पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने एवं अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री, भंडारण या उपयोग में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समस्त पंजीकृत चिकित्सकों को साइकोट्रापिक पर्ची ट्रिप्लीकेट (तीन प्रति) में जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टोर्स में स्वापक एवं मनः प्रभावी दवाइयों के क्रय विक्रय व पंजीकृत डॉक्टर की पर्ची एवं स्टॉक का मिलान की जांच सुनिश्चित करने की बात कही। इस हेतु मेडिकल स्टोर्स की औषधि निरीक्षक व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नियमित जांच करने के निर्देश दिए। जिले के सभी मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं तथा कैमरे क्रियाशील स्थिति में रहें। बिना वैध प्रिसक्रिप्शन के नशीली दवाओं की बिक्री पाए जाने पर संबंधित मेडिकल स्टोर संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने निर्देशित किया। स्वापक एवं मनः प्रभावी पदार्थो के अनाधिकृत व्यवसायियों/क्रेताओं की पहचान कर गम्भीरता से कार्यवाही करने, संवेदनशील क्षेत्रो का चिन्हाकन कर विशेष निगरानी करने, गश्त बढ़ाने, मादक पदार्थो की तस्करी रोकने हेतु रणनीति बनाने के निर्देश दिए। इस हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस हेतु उन्होंने स्कूल, कॉलेज एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, जनजागरूकता अभियान चलाने तथा पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कन्वेंशन हॉल...

प्रदान की गई। इसी योजना के अंतर्गत दवाइयों की आपूर्ति के लिए यह निर्णय लिया गया कि कोरबा जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा भेजे गए मांग पत्र के आधार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कोरबा निविदा के माध्यम से प्राप्त न्यूनतम दर पर आवश्यक दवाइयों की खरीद सुनिश्चित करेंगे।

### कनकी फीडर...

7 बजे विद्युत व्यवस्था को बहाल तो कर लिया गया लेकिन इसके बाद भी क्षेत्र में ट्रिपिंग का दौर जारी रहा बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह 3 से 4 बार क्षेत्र में कई बार बिजली की आंख मिचौली जारी रही।

### नाबालिग के...

पुत्री ने उन्हें बताया कि थाना पसान के पुलिस कर्मियों ने 10 हजार रुपए की राशि व बकरा देने की बात कही गई थी। उसकी पुत्री घर लगभग आधा घंटा रही और फिर रात को ही घर से बिना बताये लापता हो गई है। पीडित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत कर जांच की गुहार लगाई है।

### आवास आबंटन...

के द्वारा केवल नोटिस जारी करने की औपचारिकता निभाई जाती है और आज तक आवास खाली नहीं हो सके हैं। इनमें रामपुर क्षेत्र में बनी सिंचाई कालोनी के आवास तथा दर्री क्षेत्र में बने कालोनी के आवास शामिल हैं जिनमें बेजाकब्जा बना हुआ है। जिन आवासों में बेजाकब्जा है उनमें अधिकारियों के बड़े बंगले भी शामिल हैं। जिन्हें खाली नहीं कराया जा सका है। वहीं कई सेवानिवृत्त कर्मियों के द्वारा भी अभी तक आवास खाली नहीं कराए गए हैं।

प्रो.नं. 111/2025 प्रकरण क्रमांक 19/2025
पेशी तारीख -15.01.2026

**ईश्तहार/नोटिस**

**न्यायालय (लोकेश पटले) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

राहुल कुमार सिंह मन्नेवार ......वादी/आवेदक
विरुद्ध
जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा वगै. ......प्रतिवादी/ अनावेदक
बनाम
आम जनता

वादी/आवेदक राहुल कुमार सिंह मन्नेवार के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के विरूद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायधीश का कटघोरा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 15/01/2026 की तिथि है। अतः प्रतिवादी/अनावेदक क्रमांक-2 आम जनता जो इस मामले से संबधता रखता हो को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 15/1/2026 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करे अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। नोट-यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। यह आज तारीख 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

दिनांक 04/12/2025

(लोकेश पटले)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### नगर पुलिस अधीक्षक ने किया पदभार ग्रहण



**कोरबा।** जिले के नवपदस्थ नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। वर्ष 2016 बैच के अधिकारी श्री चतुर्वेदी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि उनकी पहली पदस्थापना प्रदेश के नक्सली क्षेत्र सुकमा जिले में थी। जहां उन्होंने अपनी टीम के साथ नक्सली क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए बेहतर काम किया। जिसके बाद उनकी पदस्थापना बालोद, कवर्धा जिले में हुई थी 2 सालों तक कवर्धा जिला में रहने के बाद विगत दिनों राज्य सरकार ने उनका तबादला कोरबा जिले में किया था कोरबा सीएसपी के पद पर पदस्थ भूषण एक्का के तबादला होने के बाद प्रतीक चतुर्वेदी ने कर्वधा से सीएसपी कोरबा का पदभार ग्रहण किया है और उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर क्राइम कंट्रोल करने के साथ-साथ सोशल पुलिसिंग की दिशा पर काम करने पर जोर होगा।

### तालाब निर्माण को लेकर सावित्री ने वन मंत्री से की शिकायत



**बरपाली।** वन परिक्षेत्र कोरबा में कैम्पा मद से निर्मित तालाब निर्माण में भ्रष्टाचार देखने को मिला है। जिसकी शिकायत जिला पंचायत वनविभाग की सभापति सावित्री अजय कँवर द्वारा पूर्व में किया गया था जिसके जांच में भी अनियमितता दिखाते हुए कोरबा डीएफओ द्वारा वन परिक्षेत्राधिकारी कोरबा को ही जांच अधिकारी बनाकर बिना जाँच दल के उक्त शिकायत की जांच करवा डाली जिसके बाद सभापित सावित्री ने वनमंत्री सहित कलेक्टर को पुनः शिकायत पत्र दिया है और जांच करने की मांग की है।

### संवेदना संस्था ने पहाड़ी कोरवाओं को बांटे गर्म कपड़े



**कोरबा।** संवेदना संस्था द्वारा पहाड़ी कोर्रवा जनजाति परिवार को सेवा देती है। इसी कड़ी में इस नए वर्ष में रविवार को लेमरू पंचायत के गाव जाम भाटा में गए और जामभाटा में यह तीसरा दौरा था। संवेदना परिवार ने इस बार वहां पर साड़ी और गर्म कपड़े और बच्चों को गर्म कपड़े दिए और लड़कियो कों भी सलवार सूट और टी शर्ट और जींस प्रदान किया गया। इस नेक कार्य में श्रवण पटेल, भोला यादव, शोभा और अखिलेश्वर सहित अन्य का सहयोग रहा। कार्यकम को संवेदना के अध्यझ श्रीजीत नायर के साथ सुनील वर्मा, नीलम लकड़ा, देवा बंजारे, बिट्टू बंजारे, रवि कांत शुकला का विशेष योगदान रहा।

### जिला ओलम्पिक एसोसिएशन ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट



**कोरबा।** जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में संचालित खेल गतिविधियों की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में खेल अधोसरंचना का विकास किया जा रहा है जिससे सभी खेलो के खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव डी सुरेश क्रिस्टोफर, कोषाध्यक्ष सुशील गर्ग, उपाध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर, कार्यालय सचिव तारकेश मिश्रा उपस्थित थे।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**कोरबा।** एक 45 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। अधेड़ ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाए स्पष्ट नहीं हो पाया। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरगबुंदिया निवासी मुखीराम केंवट 45 वर्ष पिता ननकी राम केवट सोमवार की शाम 7 बजे घर पर बेहोशी के हालात मिला। बताया जाता है कि उसकी पत्नी गीता केंवट इस दौरान बाजार गई हुई थी जब वह बाजार से वापस लौटी तो उसने देखा की उसका पति मुखीराम घर के कमरे में बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। जिसके बाद उसने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी और परिजनों की सहायता से मुखीराम केंवट को आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मुखीराम केंवट को मृत घोषित कर दिया। मुखीराम केंवट किन कारणों के चलते जहर सेवन किया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले वैधानिक कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

### ट्रांसफार्मर से तांबा क्वाईल की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्री निवासी कमलेश कुमार जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 दिसंबर को अस्पताल में लाईट सफ्लाई के लिये नया ट्रांसफार्मर लगाये थे जिसमें बिजली का कनेक्शन नहीं हुआ था।

# शासकीय विभागों की कबाड़ गाड़ियों का रिकार्ड पोर्टल में अपडेट नहीं, अटकी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय विभागों की पुरानी कंडम गाड़ियों की जानकारी जेएम पोर्टल में अपडेट करने के बाद तीन माह पूर्व कुछ गाड़ियों की नीलामी होने के बाद शेष बची गाड़ियों की जेएम पोर्टल में जानकारी अपडेट नहीं होने के कारण उनकी नीलामी की प्रक्रिया अटकी हुई है और अभी भी ये गाड़ियां कलेक्टोरेट परिसर में खड़ी नजर आ रही है।

अलग खबर

सरकार बनने के बाद जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए उनकी पुरानी कंडम गाड़ियों की जानकारी जेएम पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए गए थे ताकि उन गाड़ियों की नीलामी की प्रक्रिया शुरु की जा सके। इस प्रक्रिया के तहत राजस्व विभाग की ऐसी सभी गाड़ियां जो कंडम हो चुकी थी उनकी जानकारी राजस्व विभाग के द्वारा जेएम पोर्टल में अपडेट की गई और फिर उनकी नीलामी की गई। इन नीलाम की गई गाड़ियों में पुरानी एंबेसडर कार भी शामिल है जिसमें जिला बनने के बाद कलेक्टरों को आबंटित की गई थी। ऐसी 5 गाड़ियों की नीलामी हुई थी शेष गाड़ियां अभी भी कलेक्टोरेट परिसर में खड़ी हुई है। इनमें जिला पंचायत की सफारी गाड़ी से लेकर संयुक्त कलेक्टर के द्वारा उपयोग की जाने वाली बोलेरो गाड़ी तथा महिला बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उपयोग की जाने वाली गाड़ियां शामिल हैं जो कलेक्टर परिसर में ही खड़ी हुई हैं। इन गाड़ियों की समस्त जानकारियां तकनीकी कारणों से जेएम पोर्टल में अपडेट नहीं की जा सकी है। जिससे इनकी नीलामी की प्रक्रिया शुरु नहीं हो सकी है। प्रोटोकॉल शाखा के द्वारा नीलामी की प्रक्रिया पूरी कराई जाती है।

### तीन माह पूर्व कुछ गाड़ियों की जेम पोर्टल से हुई थी नीलामी

**अभी भी किराए की गाड़ी में चल रहे प्रशासनिक अफसर**



#### किराये में खर्च हो रही एक बड़ी राशि

कई शासकीय विभागों में अभी भी अफसर किराये की गाड़ियों में चल रहे हैं। जिसके लिए शासन की एक बड़ी राशि इन गाड़ियों के किराया पटाने में खर्च हो गई है। जनपद और कलेक्टोरेट के कुछ विभागीय कर्मचारियों के द्वारा अपनी निजी गाड़ियों को ही विभाग में किराये के लिए लगा दिया गया है। जिसका उपयोग विभागीय अधिकारी करते आ रहे हैं। पुरानी गाड़ियों की नीलामी के बाद राज्य शासन के द्वारा जिला अधिकारियों को नई विभागीय गाड़ियां दी जाती जिससे किराया की बचत होती।

### कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत अधिकारियों के संशोधित वेतन का मामला

# कार्यपालकों के उन्नत वेतनमान के मुद्दे पर गठित समिति ने जारी की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीआईएल के अधिकारियों के वेतनमान को अन्य समान श्रेणी के अनुसूची ए, महारत्न सीपीएसई के अधिकारियों के वेतनमान के बराबर करने की मांग पर चर्चा करने के लिए समिति की बैठकें आयोजित की गई थी। विस्तार से विचार विमर्श करने के बाद समिति ने अपनी सिफारिशों वाली रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया है।

कोल इंडिया व उसकी सहायक कंपनियों के अधिकारियों के वेतनमानों को अन्य महारत्न सीपीएसईएस के समान उन्नत करने के मुद्दे के समाधान के लिए एक उपाय सुझाने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है। सीआईएल के अधिकारियों को अन्य महारत्न कंपनियों के समकक्ष पदोन्नत करने के मुद्दे को हल करने के लिए एक समाधान सुझाने के लिए गठित समिति की यह रिपोर्ट समिति के अध्यक्ष और संयुक्त सचिव भबानी प्रसाद पति ने पेश की है। जिसमें कोयला मंत्री की स्वीकृति से एक समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संयुक्त सचिव बीपीपी ने की, जिसमें सीआईएल, एनसीएल और एमसीएल के निदेशक कार्मिक सदस्य थे। इस समिति का उद्देश्य सीआईएल व इसकी सहायक कंपनियों के अधिकारियों के वेतनमान को अन्य महारत्न सीपीएसई के समान उन्नत करने के मुद्दे को हल करने के लिए एक समाधान सुझाना था। इसके अलावा जबलपुर स्थित मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 7 अप्रैल 2025 के आदेश के अनुपालन में रिट अपील संख्या 1486/2023 में समिति ने दोनों पक्षों को सुना और पक्षों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों पर भी विचार किया। समिति ने विभिन्न मंत्रालयों व विभागों से उनके प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संबंध में अतिरिक्त जानकारी व सूचनाएं भी प्राप्त की। जैसे कि विद्युत मंत्रालय से एनटीपीसी के संबंध में, पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय से ओएनजीसी, आईओसीएल और गेल के संबंध में, खान मंत्रालय से नालको के संबंध में, इस्पात मंत्रालय से एसएआईएल, एमएसटीसी, एमईकॉन, एनएमडीसी आदि के संबंध में और संबंधित आंकड़ों व सूचनाओं पर विचार-विमर्श किया। समिति की कई बैठकों के बाद जो भौतिक और आभासी माध्यम से आयोजित की गईं और मामले पर विस्तार से विचार-विमर्श करने के बाद समिति ने अपनी सिफारिशों वाली रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया है।

#### सीआईएल में एग्जीक्यूटिव्स के लिए प्रस्तावित संशोधित वेतनमान

| ग्रेड | सीआईएल मौजूदा | सीआईएल बोर्ड द्वारा स ्वीकृत (प्रस्तावित) |
|---|---|---|
| सीएमडी (ए) | 2,00,000-3,70,000 | 2,00,000-3,70,000 |
| निदेशक (ए) | 1,80.000-3,40,000 | 1,80,000-3,40,000 |
| सीएमडी (बी) | 1,80,000-3,20,000 | 1,80,000-3,20,000 |
| निदेशक (बी) | 1,60,000-2,90,000 | 1,60,000-2,90,000 |
| ई 9 | 1,50,000-3,00,000 | 1,50,000-3,00,000 |
| ई 8 | 1,20,000-2,80,000 | 1,20,000-2,80,000 |
| ई 7 | 1,00,000-2,60,000 | 1,20,000-2,80,000 |
| ई 6 | 90,000-2,40,000 | 1,20,000-2,80,000 |
| ई 5 | 80,000-2,20,000 | 1,00,000-2,60,000 |
| ई 4 | 70,000-2,00,000 | 90,000-2,40,000 |
| ई 3 | 60,000-1,80,000 | 80,000-2,20,000 |
| ई 2 | 50,000-1,60,000 | 70,000-2,00,000 |
| ई 1 | 40,000-1,40,000 | 60,000-1,80,000 |

# डिस्मेंटल किए जाने लगे पुराने जर्जर स्कूल भवन, बनेंगे नए भवन



पीडब्ल्यूडी प्राथमिक स्कूल का जर्जर भवन किया गया डिस्मेंटल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुराने जर्जर स्कूल भवनों को डिस्मेंटल कर उनकी जगह नए भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरु करने के लिए पुराने जर्जर भवनों को गिराने का काम शुरु कर दिया गया है। अंधरीकछार प्राइमरी स्कूल भवन और रामपुर पीडब्ल्यूडी प्राइमरी स्कूल भवन को डिस्मेंटल कर दिया गया है। इसके अलावा उपनगरीय क्षेत्रों में भी पुराने स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने का काम शुरु किया जाएगा।

जिले में शिक्षा विभाग के अंतर्गत कुल 2020 स्कूल हैं इनमें 315 स्कूल ऐसे हैं जो जर्जर हो गए हैं। जिन्हें डिस्मेंटल करने के लिए प्रशासन के द्वारा शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत डिस्मेंटल किए जाने वाले स्कूल भवनों की जगह नए भवन निर्माण हेतु डीएमएफ से राशि भी जारी कर दी गई है लेकिन जब तक पुराने भवन डिस्मेंटल नहीं होते तब तक नए भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरु नहीं हो पाती है और नए भवन निर्माण को लेकर शिक्षा विभाग पर लगातार दबाव बढ़ता चला जा रहा था। विभागीय अधिकारियों के द्वारा डिस्मेंटल करने हेतु निविदा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ठेकेदारों के माध्यम से जर्जर स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने का काम शुरु कर दिया गया है। इनमें रामपुर पीडब्ल्यूडी का प्राइमरी स्कूल सहित अंधरीकछार प्राइमरी स्कूल भवन शामिल है जिन्हें डिस्मेंटल किया गया है। डिस्मेंटल का यह कार्य जिला मुख्यालय के अलावा शहर के उपनगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों में चलाया जाएगा। हालांकि शहर के कुछ स्कूलों में प्रधान पाठक कक्ष एवं अतिरिक्त कमरों का निर्माण भी किया गया है। अधिकांश स्कूल इन कमरों में ही लगते हैं।

#### खास बात

- 147 स्कूल भवन हैं जर्जर, जिन्हें किया जाएगा डिस्मेंटल

#### स्कूल परिसर में जगह का संकट

शहर और ग्रामीण अंचलों के स्कूल परिसर में सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिस तेजी से अतिरिक्त कमरे और प्रधानपाठक कक्ष स्कूल मंच जैसे निर्माण कार्य कराए गए हैं उससे कुछ स्कूल परिसर में तो जगह का संकट खड़ा हो गया है। स्थिति ऐसी है कि खेलकूद के लिए भी स्कूल परिसर में जगह नहीं बचती। जिसकी वजह से पुराने भवनों को डिस्मेंटल कर रिक्त होने वाली जगह पर नए निर्माण कार्य कराए जा सकेंगे। इसके लिए डिस्मेंटल की प्रक्रिया शुरु की गई है।

#### कक्षा लेने के निर्देश

नए स्कूल भवनों के लिए पुराने जर्जर स्कूल भवनों को डिस्मेंटल किया जा रहा है। यह कार्य शहर के दो स्कूलों से शुरु किया गया है। जल्द ही डिस्मेंटल के लिए चयनित किए गए स्कूलों को गिराकर उनकी जगह नई बिल्डिंग बनाई जाएगी।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

# महिला सुरक्षा पर पुलिस का जागरूकता अभियान



शपथ लेते अतिथि और अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए एक व्यापक जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। रजत जयंती वर्ष के तहत यह अभियान 1 से 11 जनवरी तक जिले के शहरी, ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, बाल विवाह और कानूनों की जानकारी देकर आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी द्वारा वार्ड क्रमांक 2 तहसीलभाटा के नवधा चौक में कटघोरा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने महिला सुरक्षा अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, महिला हेल्पलाइन 1091, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर अपराध से बचाव जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया गया तथा बाल विवाह रोकने सभी महिलाओ को शपथ दिलाई गई और महिला सुरक्षा में सामूहिक सहभागिता का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में एसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह, यातायात विभाग से सहायक उप निरीक्षक ईश्वरीय लहरे, प्रधान आरक्षक यातायात लखन सिंह कोर्राम, महिला प्रधान आरक्षक बेनेदिकता ग्लोरिया बेक, महिला आरक्षक अंजू सुचिता पन्ना, पार्षद हरीश यादव, राजेश्वरी जात्रा, अधिवक्ता सावित्री, महिला बाल विकास की टीम, साइबर सेल की टीम उपस्थित रहे। यातायात सुरक्षा के संबंध में, हेलमेट के उपयोग, सीटबेल्ट बांधने, गति सीमा का पालन करने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के गंभीर दुष्परिणामों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। छात्रों, दुकानदारों और मॉल में आए अन्य नागरिकों को परामर्श सत्रों और पम्पलेट के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी गई।

# शीतलहर का कहर, दिन ढलते ही लोग लेने लगे अलाव का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते चार दिनों से जिले में शीतलहर कहर ढा रही है। सुबह 10 बजे तक भी शहर के मार्केट सामान्य दिनों की तरह शुरु नहीं हो पा रहे हैं तो वहीं दिन ढलते ही लोगों को ठण्ड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। जैसे जैसे अंधेरा छाने लगता है तापमान में गिरावट आने से रात 9 बजे के बाद सड़कों में सन्नाटा की स्थिति नजर आती है।

नये वर्ष की शुरुआत शीतलहर से शुरु हुई है। दो दिन तेज धूप होने से ठण्ड से कुछ राहत मिली थी लेकिन बीते 4 दिन से शीतलहर ने समुचे अंचल को चपेट में ले लिया है। शहर के मार्केट जो सुबह 9 बजे के बाद खुलने शुरु हो जाते थे अब उनके खुलने का समय भी ठण्ड की वजह से 10 बजे तक हो गया है। वहीं रात 8 बजे के बाद मार्केट में रौनक खत्म होने के कारण दुकानें बंद करने की स्थिति होने लगी है। शीतलहर के कारण आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। ग्रामीण अंचलों से जिला मुख्यालय आने वाले ग्रामीण दिन ढलने के पहले ही अपने घरों को लौटने लगते हैं। रात 9 बजे के बाद ठण्ड की वजह से सन्नाटा पसरने लगता है। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में निगम के द्वारा प्रमुख चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था तो की गई है उसके बाद भी आटो एवं टैक्सी चालकों के द्वारा स्वयं से लकड़ी की व्यवस्था कर अलाव जला रहे हैं। गिरते तापमान का असर ग्रामीण क्षेत्रों में भी नजर आ रहा है जहां कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। दिन का तापमान अधिकतम 26 से 27 डिग्री सेल्सियस तक जा रहा है वहीं रात का तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। शहर के बाहरी क्षेत्र जिनकी सीमा जंगली क्षेत्र से लगी है वहां का तापमान शहर की तुलना में 2 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया है। कहीं कहीं ये तापमान रात में 7 डिग्री सेल्सियस के करीब भी पहुंच चुका है।



अलाव तापते लोग।

#### टीपी नगर बस स्टेंड का बंद है रैनबसेरा

टीपी नगर बस स्टेंड में रैनबसेरा के बंद रहने से रात में आने वाले यात्रियों को रुकने की समस्या खड़ी हो रही है। भटकते हुए यात्री कम खर्च के होटल और धर्मशाला तलाशते हैं। कड़ाके की सर्दी के बीच यात्रियों को बस स्टेंड में ही रात गुजारने की मजबूरी हो जाती है। शीतलहर की वजह से सुबह की सैर में जाने वालों की संख्या भी अब आम दिनों की तुलना में कम हो गई है। लोग धूप निकलने के बाद लोग घरों से निकलना मुनासिब समझते हैं।

# देवरी पुल महीनों से क्षतिग्रस्त आवाजाही में हो रही परेशानी



**चाकाबुड़ा।** देवरी पुल कई महीने पहले हुई भारी बारिश में क्षतिग्रस्त होकर टूट गया लेकिन लंबे समय बाद भी पुनर्निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। आसपास के गांव सरपंचों ने आपस में मिलजुलकर पुराने छोटे पुल को मिट्टी डालकर आने जाने की सहूलियत के लिए बनाया गया गया है। ताकि बांकीमोंगरा जाने के लिए राहगीरों के परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस मार्ग प्रतिदिन हजारों राहगीर दिनरात आना जाना करते रहते है। पुल के टूटने से सुक्लाखार से बुंदेली को जोड़ने वाला मुख्यमार्ग पूरी तरह बदहाल हो गया है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल टूटने के बाद से प्रशासनिक अधिकारियों ने इस ओर कोई संज्ञान नहीं लिया। रोजमर्रा की आवाजाही, बच्चों की स्कूल जाने की समस्या, मरीजों को अस्पताल ले जाने में दिक्कत और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में परेशानी हो रही है। महीनों बीत जाने के बावजूद न तो निर्माण कार्य शुरू हुआ।जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पुल निर्माण की मांग की है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




